भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 293
जिसका उत्तर मंगलवार 18 जुलाई, 2017 को दिया जाना है

ऑटोमोटिव मिशन योजना

293. श्री जी. एम. सिद्देश्वरा :

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ऑटोमोटिव मिशन योजना 2016-26 लाया है जिसमें 50 मिलियन अतिरिक्त रोजगार के सृजन की परिकल्पना की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ऑटोमोटिव मिशन योजना, 2016-26 का लक्ष्य भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग को इंजीनियरिंग, विनिर्माण और वाहनों के निर्यात और ऑटो घटकों में शीर्ष तीन देशों के संघ में शामिल करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार राष्ट्रीय ऑटोमोटिव मिशन योजना को 2026 तक बढ़ा रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और योजना के अंतर्गत अब तक कितनी उपलब्धि हासिल की गई?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क): जी, हां। ऑटोमोटिव मिशन प्लान (एएमपी 2026) में 65 मिलियन रोजगार के सृजन की परिकल्पना की गई है।

(ख): जी, हां।

(ग) और (घ): ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2016-26 (एएमपी 2026) की प्रमुख विशेषताएं नीचे दिए गए अनुसार हैं:-

i. भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग प्रमुख रोजगार सृजनकर्ताओं में से एक बने - 65 मिलियन अतिरिक्त रोजगार।
ii. भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग विनिर्माण सेक्टर और 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम का प्रमुख वाहनचालक बने।
iii. भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग अपना उद्देश्य वाहनों का निर्यात 5 गुना तथा कलपुर्जों का निर्यात 7.5 गुना तक बढाने का रखे।
iv. एएमपी 2026 की सफलता के लिए, ऑटोमोटिव सेक्टर हेतु एक समन्वित और स्थायी नीति व्यवस्था की आवश्यकता है।
v. विनिर्माण की प्रतिस्पर्धात्मकता को बनाए रखने एवं इसमें सुधार करने तथा पर्यावरण और सुरक्षा की चुनौतियों के समाधान हेतु विशिष्ट अंत:क्षेपों की परिकल्पना की गई है।

*****